# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: दसवी** **विषय: हिंदी**

**अवधि: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड हैं- खंड-'अ' और खंड 'ब'। खंड अ में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड ब में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
- प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- खंड-अ में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड-ब में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड - अ (बहुविकल्पी/ वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।** **(1x5=5)**

राजस्थान में नमक के झीलों के आसपास के इलाकों में ज़मीन तक खारी है। यहाँ बारिश का पानी ज़मीन पर गिरते ही खारा हो जाता है। लेकिन यहाँ आज भी चार-पाँच सौ साल पुरानी तलाइयाँ हैं जिनमें मीठा पानी भरा रहता है। इन तलाइयाँ का आगोर खारी धरती से चार-पाँच हाथ ऊपर उठा कर बनाया जाता था। ये तलाइयाँ नमक का कारोबार करनेवाले बनजारों की बनवाई हुई हैं। जैसलमेर में करीब सात सौ साल पुराना घड़सीसर हैं। इसे जैसलमेर के महरावल घड़सी ने बनवाया था। तालाब की खुदाई-भराई के कामों में घड़सी खुद लगे थे। तालाब को बनवाते हुए ही वे मारे गए थे। घड़सीसर से नौ तालाब और कई बेरियाँ जुड़े थे। पानी की एक-एक बूंद को सम्हालने का इंतज़ाम किया गया था। आज भी घड़सीसर जैसलमेर शहर के ज़्यादातर हिस्से को पानी पिलाता है।

घरों की छतों पर बारिश का पानी जमा करके नीचे आँगन में बनी टंकी में भी जमा किया जाता है। तब इसे टांका कहते हैं। ऐसे कई कुंड और टांकें राजस्थान के गाँव कस्बों में आज भी साल भर मीठा पानी दे रहे हैं। मुसाफिरों की सुविधा के लिए, कई लोग वीराने में भी टांकें बनवाते थे। ऐसे टांकें में आठ-दस लोग आराम भी कर सकते थे। जयपुर के पास जयगढ़ किले का टांका करीब 350 साल पहले बना था। इसमें साढ़े तीन करोड़ लीटर पानी समाता है। जहाँ मनुष्य होंगें वहाँ खेती भी होगी। लेकिन राजस्थान में कृषि करने के लिए सिंचाई जल की उपलब्धता एक समस्या है क्योंकि राजस्थान की ज़्यादातर नदियाँ बारहमासी नहीं हैं। लेकिन अनुभवी

DoE, Delhi

लोगों ने कई ऐसी जगहें ढूँढ निकालीं जहाँ इनका पानी रोका जा सकता है। दो तरफ़ मिट्‌टी की पाल उठाकर तीसरी तरफ़ पत्थर की मज़बूत चिनाई की दिवार (चादर) बनाई जाती है। यूँ एक खडीन तैयार हो जाती है। कई खडीनें छह सात किलोमीटर तक लंबी हैं। चौमासे अर्थात् वर्षा ऋतु में पानी खडीन में भरा रहता है, बाद में धीरे-धीरे सूख जाता है। लेकिन खडीन की मिट्‌टी नम रहती है। तब खडीनों में गेहूँ बोया जाता है। जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर में ज़्यादातर गेहूँ की खेती खडीनों में ही होती है।

**क. राजस्थान में नमक के झीलों के आस-पास की ज़मीन की यह विशेषता है कि-**

A. बारिश का पानी गिरते ही ज़हरीला हो जाता है।

B. बारिश का पानी गिरते ही मिट्‌टी को उपजाऊ बनाता है।

C. बारिश का पानी गिरते ही मीठा हो जाता है।

D. बारिश का पानी गिरते ही नमकीन हो जाता है।

**ख. जैसलमेर का घड़सीसर स्थानीय लोगों के लिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि -**

A. पर्यटन स्थल का लोकप्रिय केंद्र है।

B. संचयित पानी को शुद्‌ध करता है।

C. पीने के पानी की आवश्यकता पूरी करता है।

D. कृषि के लिए पानी का संचयन करता है।

**ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:**

कथन (A) कई लोग वीराने में भी टांकें बनवाते थे।

कारण (R) ताकि लंबी यात्रा के दौरान मुसाफ़िरों को भोजन के लिए परेशान न होना पड़े।

A. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**घ. 'राजस्थान में कृषि करने के लिए सिंचाई जल की उपलब्धता एक समस्या है।' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा / कौन-से तर्क सही हैं** ?

1. कानूनी रूप से, राजस्थान में जल का प्रयोग केवल पीने के लिए ही किया जा सकता है।

2. राजस्थान की सारी नदियाँ बारहमासी हैं।

DoE, Delhi

3. अपेक्षाकृत कम वर्षा होने के कारण नदियाँ सूख जाती हैं।

A. 1 सही

B. 2 सही

C. 3 सही

D. 1 और 3 सही

**ङ. राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में खडीनों में गेहूँ बोने का कारण है कि -**

A. सूखे की स्थिति में भी खडीन की मिट्टी नम रहती है।

B. खडीनों के आस-पास सालभर वर्षा होती रहती है।

C. खडीन की सूखी मिट्टी गेहूँ की खेती के अनुकूल है।

D. खडीन की मिट्टी में लवण के तत्व अधिक होते हैं।

**प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

जो भी बाधाएँ आईं
उन सब से ही लड़ा हिमालय,
इसीलिए तो दुनिया भर में
हुआ सभी से बड़ा हिमालय!
अगर न करता काम कभी कुछ
रहता हरदम पड़ा हिमालय
तो भारत के शीश चमकता
नहीं मुकुट-सा जड़ा हिमालय!
खड़ा हिमालय बता रहा है
डरो न आंधी, पानी में,
खड़े रहो अपने पथ पर
सब कठिनाई तूफानी में!
डिगो न अपने प्रण से तो
सब कुछ पा सकते हो प्यारे!

DoE, Delhi

तुम भी ऊंचे हो सकते हो

छू सकते नभ के तारे!

अचल रहा जो अपने पथ पर

लाख मुसीबत आने में,

मिली सफलता जग में उसको

जीने में मर जाने में!

**क. हिमालय का सबसे बड़ा होने का कारण है -**

A. हिमालय का सदियों से सीधा खड़ा होना।

B. हिमालय का बाधाओं से घबरा जाना।

C. हिमालय का बाधाओं से सामना करना।

D. हिमालय का आकार में विशाल होना।

**ख. हिमालय ____________________ के कारण, भारत के मुकुट के रूप में सुशोभित है।**

A. शक्तिशाली होने

B. शक्तिहीन होने

C. क्रियाशील होने

D. विशाल होने

**ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:**

कथन (A) हिमालय कठिन समय में भी विचलित न होने की सीख देता है।

कारण (R) हिमालय ने वर्षों से विकट जलवायु और परिस्थितियों को, साहस के साथ झेला है।

A. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**घ. काव्यांश के अनुसार मनुष्य सफलता पा सकता है अगर -**

A. सरल मार्ग की बजाए कठिन मार्ग अपनाए।

B. अपना हित साधने के लिए स्वार्थी बन जाए।

DoE, Delhi

C. कठिन समय में अपने पथ से भटक जाए।

D. कठिन समय में भी अपने पथ से न हिले।

**ङ. प्रस्तुत कविता मनुष्य के भीतर किस भाव को जगाने का प्रयास कर रही है?**

A. भक्ति में डूबने का

B. संघर्षशील होने का

C. संवेदनशील होने का

D. चेतनाशील होने का

**प्रश्न 3.निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

**क. 'नरेश परिश्रमी ही नहीं बल्कि दयालु भी है।' - इस वाक्य का सरल वाक्य होगा।**

A. अगर नरेश परिश्रमी होगा तो दयालु भी होगा।

B. नरेश परिश्रमी और दयालु है।

C. चूँकि नरेश परिश्रमी है इसलिए दयालु भी है।

D. जो नरेश दयालु है, वह परिश्रमी भी है।

**ख. 'वह पिज़्ज़ा खाते ही चक्कर खाकर गिर पड़ा।' - इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा।**

A. वह पिज़्ज़ा खाते ही चकराकर गिर पड़ा।

B. वह पिज़्ज़ा खाकर चकराकर गिर पड़ा।

C. उसने पिज़्ज़ा खाया और चक्कर खाकर गिर पड़ा।

D. उसने जैसे ही पिज़्ज़ा खाया, वैसे ही चक्कर खाकर गिर पड़ा।

**ग. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य का उदाहरण है -**

A. जब वर्ष शुरू हुई, तब वंश आया।

B. वर्षा शुरू हुई और वंश आया।

C. वर्षा शुरु होने पर वंश आया।

D. वंश आया क्योंकि वर्षा शुरू हो गई थी।

**घ.निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए।**

DoE, Delhi

**1. प्रात:काल हुई और चिड़ियाँ चहचहाने लगीं।**

**2. मैंने देखा कि वर्षा हो रही थी।**

**3. वह किताब कहाँ है, जो आप कल लाए थे?**

**4. यहाँ आप रह सकते हैं या आपका भाई रह सकता है।**

A. 1 और 2 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

C. 1 और 4 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

**ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| 1. **गांधी जी ने कहा कि हमेशा सच बोलो।** | i. **मिश्र वाक्य** |
| 2. **वे घर आ गए हैं किंतु थोड़ी देर ही रुकेंगें।** | ii. **सरल वाक्य** |
| 3. **शैलेश नाश्ता करके पढ़ने बैठ गया।** | iii. **संयुक्त वाक्य** |

A. **1** ii, **2** iii, **3** i

B. **1** iii, **2** ii, **3** i

C. **1** i, **2** ii, **3** iii

D. **1** i, **2** iii, **3** ii

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

**क. मुझसे हँसा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए) -**

A. मैं हँस नहीं सकता।

B. मेरे द्वारा हँसा नहीं गया।

C. मुझसे हँसा जाता है।

D. मेरे द्वारा हँसा जाएगा।

DoE, Delhi

**ख. 'मित्रों के द्वारा विपत्ति में सहायता की जाती है।' वाक्य में वाच्य है -**

A. कर्म वाच्य

B. कर्तृ वाच्य

C. भाव वाच्य

D. कर्तृ और कर्म वाच्य दोनों

**ग. 'मधु से रोया जाता है।' उदाहरण है -**

A. कर्म वाच्य

B. कर्तृ वाच्य

C. भाव वाच्य

D. शिल्प वाच्य

**घ. निम्नलिखित वाच्यों में कर्म वाच्य का उदाहरण हैं -**

**1. अब टहलने चला जाए।**

**2. पिताजी द्वारा दुकान खोली जाएगी।**

**3. कोयल से दाना चुगा जाता है।**

**4. अमृत ईमेल लिखेगा।**

A. 1 और 2 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

C. 1 और 3 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

**ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| 1. **हालदार साहब ने पान खाया।** | i. **भाव वाच्य** |
| 2. **दादाजी द्वारा यूट्यूब देखा जाता है।** | ii. **कर्म वाच्य** |
| 3. **किरन से अभी सोया जाएगा।** | iii. **कर्तृ वाच्य** |

DoE, Delhi

A. **1** ii, **2** iii, **3** i

B. **1** iii, **2** ii, **3** i

C. **1** iii, **2** i, **3** ii

D. **1** i, **2** iii, **3** ii

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

**क. <u>तुम</u> बहुत मीठा गाती हो। - रेखांकित पद का परिचय है।**

A. निश्चयवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता

B. पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता

C. पुरुषवाचक सर्वनाम, मध्यम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता

D. पुरुषवाचक सर्वनाम, मध्यम पुरुष, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता

**ख. 'समुद्र में जहाज़ <u>चलते हैं</u>। - रेखांकित पद का परिचय है।**

A. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य

B. अकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य

C. सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूत काल, कर्मवाच्य

D. अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, भूत काल, कर्मवाच्य

**ग. सुहैल <u>पेन से</u> लिखता है। - रेखांकित पद का परिचय है।**

A. संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, करण कारक

B. संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, करण कारक

C. संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक

D. संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

**घ. <u>जवाहरलाल नेहरु</u> ने 'भारत की खोज' पुस्तक की रचना की है। - रेखांकित पद का परिचय है।**

A. संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, अधिकरण कारक

B. संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक

C. संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक

D. संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

DoE, Delhi

**ङ. खीरे की <u>पनियाती</u> फाँकें बहुत स्वादिष्ट थीं।। - रेखांकित पद का परिचय है।**

A. रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, विशेष्य 'फाँके'

B. सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, विशेष्य 'फाँके'

C. गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, विशेष्य 'फाँके'

D. गुणवाचक विशेषण,पुल्लिंग, विशेष्य 'फाँके'

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

**क. निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार पहचानिए -**

'मंगन को देख पट देत बार-बार।'

A. मानवीकरण

B. उत्प्रेक्षा

C. अनुप्रास

D. श्लेष

**ख. दी गई पंक्ति में अलंकार पहचानिए -**

**'पेड़ झुक झाँकने लगे गर्दन उचकाय**

**अंधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए'**

A. श्लेष

B. उपमा

C. मानवीकरण

D. अतिश्योक्ति

**ग. 'पतंग उड़ाई मैंने ऐसी**

**पहुँची चाँद के पार' - में अलंकार है ?**

A. उत्प्रेक्षा

B. उपमा

C. श्लेष

D. अतिश्योक्ति

DoE, Delhi

**घ. निम्न में से उत्प्रेक्षा अलंकार का उदाहरण पहचानिए।**

A. बालकु बोलि बधौं नहि तोही।

B. कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा।

C. तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा।

D. बार बार मोहि लागि बोलावा।

**ङ. 'इतना रोया था मैं उस दिन, ताल-तलैया सब भर डाले'- में अलंकार है ?**

A. उत्प्रेक्षा

B. अतिशयोक्ति

C. श्लेष

D. मानवीकरण

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

यह पितृ-गाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव गान करना है, बल्कि मैं तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन-सी खूबी और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व के ताने-बाने में गुँथी हुई हैं या कि अनजाने अनचाहे किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रंथियों को जन्म दे दिया। मैं काली हूँ। बचपन में दुबली और मरियल भी थी। गोरा रंग पिता जी की कमजोरी थी सो बचपन में मुझसे दो साल बड़ी, खूब गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहिन सुशीला से हर बात में तुलना और फिर उसकी प्रशंसा ने ही, क्या मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन भाव की ग्रंथि पैदा नहीं कर दी कि नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मैं उससे उबर नहीं पाई? आज भी परिचय करवाते समय जब कोई कुछ विशेषता लगाकर मेरी लेखकीय उपलब्धियों का जिक्र करने लगता है तो मैं संकोच से सिमट ही नहीं जाती बल्कि गड़ने-गड़ने को हो आती हूँ। शायद अचेतन की किसी पर्त के नीचे दबी इसी हीन-भावना के चलते मैं अपनी किसी भी उपलब्धि पर भरोसा नहीं कर पाती...सब कुछ मुझे तुक्का ही लगता है। पिता जी के जिस शक्की स्वभाव पर मैं कभी भन्ना-भन्ना जाती थी, आज एकाएक अपने खंडित विश्वासों की व्यथा के नीचे मुझे उनके शक्की स्वभाव की झलक ही दिखाई देती है... बहुत 'अपनों' के हाथों विश्वासघात की गहरी व्यथा से उपजा शक। होश सँभालने के बाद से ही जिन पिता जी से किसी-न-किसी बात पर हमेशा मेरी टक्कर ही चलती रही, वे तो न जाने कितने रूपों में मुझमें हैं... कहीं कुंठाओं के रूप में, कहीं प्रतिक्रिया के रूप में तो कहीं प्रतिच्छाया के रूप में। केवल बाहरी भिन्नता के आधार पर अपनी परंपरा और पीढ़ियों को नकारने वालों को क्या सचमुच इस बात का बिलकुल अहसास नहीं होता कि उनका आसन्न अतीत किस कदर उनके भीतर जड़ जमाए बैठा रहता है! समय का प्रवाह भले ही हमें दूसरी दिशाओं में बहाकर ले जाए...स्थितियों का दबाव भले ही हमारा रूप बदल दे, हमें पूरी तरह उससे मुक्त तो नहीं ही कर सकता!

DoE, Delhi

**क. गद्यांश के अनुसार किसका प्रभाव हमें दूसरी दिशाओं में बहा कर ले जाता है?**

A. नदी का

B. समय का

C. झरने का

D. सागर का

**ख. गद्यांश के अनुसार किसका दबाव भले ही हमारा रूप बदल दे, हमें पूरी तरह उससे मुक्त नहीं कर सकता?**

A. परेशानियों का

B. नाकामियों का

C. स्थितियों का

D. भावनाओं का

**ग. गद्यांश के अनुसार बचपन में लेखिका की शारीरिक स्थिति किस प्रकार की थी ?**

A. बीमार और असहज

B. भारी और तेज

C. कमजोर और अशक्त

D. दुबली और मरियल

**घ. गद्यांश के अनुसार लेखिका की बड़ी बहन का क्या नाम है?**

A. अनुराधा

B. मीना

C. सुशीला

D. राधिका

**ङ. गद्यांश के अनुसार लेखिका अपनी उपलब्धियों पर भरोसा क्यों नहीं कर पाती?**

A. हीनभावना के कारण

B. बचपना के कारण

C. दिवा स्वप्न के कारण

D. अपनापन के कारण

**प्रश्न 8. गद्य पाठों के आधारित पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x2=2)**

DoE, Delhi

**क. 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के अनुसार बिस्मिल्ला खाँ का बचपन का क्या नाम था?**

A. अजरुद्दीन

B. अमीरुद्दीन

C. शम्सुद्दीन

D. सादिक हुसैन

**ख. संस्कृत व्यक्ति के कार्यों के पीछे कौन-सी भावना रहती है?**

A. उदारता की भावना

B. निःस्वार्थ की भावना

C. जन-कल्याण की भावना

D. वीरता की भावना

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती या
पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज में वह अपनी गूँज मिलाता आया है
प्राचीन काल से गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है या अपने ही सरगम को लाँधकर चला जाता है
भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ आवाज़ से
राख जैसा कुछ गिरता हुआ तभी मुख्य गायक को
ढाँढ़स बंधाता कहीं से चला आता है
संगतकार का स्वर कभी-कभी वह यों ही दे देता है
उसका साथ यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है

DoE, Delhi

और यह कि फिर से गाया जा सकता है

गाया जा चुका राग

और उसकी आवाज में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है

या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है

उसे विफलता नहीं

उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।

**क. मुख्य गायक की गरज में सहयोगी क्या मिलाता आया है?**

A. अपनी गूँज

B. अपना संगीत

C. ढोलक की थाप

D. बांसुरी की आवाज

**ख. गायक का अंतरे के जटिल तानों के जंगल में खोना किस काल से शुरू हो चुका था?**

A. आधुनिक काल में

B. भूतकाल में

C. वर्तमान काल में

D. प्राचीन काल में

**ग. आवश्यकता पड़ने पर मुख्य गायक को ढाढ़स बढ़ाता हुआ स्वर किसका चला आता है?**

A. वादक का

B. संगतकार का

C. नायक का

D. नर्तक का

**घ. कवि के अनुसार संगतकार द्वारा अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की कोशिश को क्या समझा जाना चाहिए?**

A. उसकी मनुष्यता

B. उसकी सफलता

C. उसकी अफलता

D. उसकी कायरता

**ङ. जब संगतकार नौसिखिया था तो उसका गला कहाँ बैठने लगता था?**

DoE, Delhi

A. अभ्यास मे

B. नर्तन में

C. तारसप्तक में

D. वादन में

**प्रश्न 10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।** **(1x2=2)**

**क. कवि के अनुसार क्या 'अट' नहीं रही है**?

A. सर्दी की धूप

B. फागुन की प्राकृतिक छटा

C. वंसत की प्रसन्नता

D. फूलों की सुगंध

**ख. 'उत्साह' कविता में कवि ने किसका आह्वान किया है?**

A. बादल से बरसने का

B. पवन से चलने का

C. सूर्य से चमकने का

D. वर्षा से थमने का

**खंड - ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** (2x3=6)

क. धान की रोपाई के समय समूचे माहौल को बाल गोबिन भगत की स्वर लहरियाँ किस तरह चमत्कृत कर देती थीं? उस माहौल का शब्द-चित्र बाल गोबिन भगत पाठ के आधार पर प्रस्तुत कीजिए बनाइए।

ख. 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर मन्नू भंडारी के द्वारा पढ़े गए कुछ चर्चित उपन्यासों की सूची बनाइए।

ग. बिस्मिल्ला खाँ कला के अनन्य उपासक थे। 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए।

घ. न्यूटन द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं ज्ञान की कई दूसरी बारीकियों को जानने वाले लोग भी न्यूटन की तरह संस्कृत नहीं कहला सकते हैं, क्यों? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए।

DoE, Delhi

**प्रश्न 12. पद्‌य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **(2x3=6)**

क. 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है? अपने शब्दों में लिखिए।

ख. फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए।

ग. 'यह दंतुरित मुसकान' पाठ के आधार पर बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में अंतर को हम किस तरह स्पष्ट कर सकते हैं?

घ. सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाते हैं तब उसे सहयोगी किस तरह सँभालते हैं? 'संगतकार' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 13. पूरक पाठ्‌यपुस्तक के पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **(4x2=8)**

क. प्रकृति के उस अनंत और विराट स्वरूप को देखकर लेखिका को कैसी अनुभूति होती है? 'साना-साना हाथ जोड़ि' के आधार पर उत्तर दीजिए।

ख. बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ग. हिरोशिमा के बम विस्फोट में हुई क्षति को देखकर लेखक को कौन-सी घटना याद आई? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए।** **(1×6=6 )**

**क. आपसी सहयोग की आवश्यकता**

भूमिका, सहयोग का महत्त्व, सहयोग ही सफलता की कुँजी, उपसंहार

**ख. वन का महत्व**

मनुष्य के जीवन का आधार, प्रदूषण निवारण में सहायक, वन संरक्षण की आवश्यकता

**ग. अच्छा स्वास्थ्य - समय की आवश्यकता**

स्वास्थ्य का गिरता स्तर, बीमारियों का जंजाल, योग और संतुलित आहार की आवश्यकता

**प्रश्न 15. क**. आप **अभिनव/अनीसा** हैं। दिल्ली में प्रदूषण के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। 'दैनिक नवभारत टाइम्स' दिल्ली के संपादक को लगभग **100** शब्दों में स्थिति के बारे में बताते हुए एक पत्र लिखिए। **(1×5=5)**

**अथवा**

DoE, Delhi

**ख**.आप **रहमान/रेवा** हैं। आपको अपने जीवन में आगे बढ़ाने में मौसा जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौसा जी को धन्यवाद देते हुए उन्हें **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16.क**. आप **अरुण /अरीबा** हैं। आपको नालंदा पब्लिक स्कूल कबीर नगर में अध्यापक/ अध्यापिका के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग **80** शब्दों में तैयार कीजिए।

**(1x5=5)**

**अथवा**

**ख.** आप **प्रणव/ प्रज्ञा** हैं। 'य र व प्रकाशन' कोलकाता से अपनी गणित विषय की पाठ्य पुस्तकें मँगाने के लिए लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

**प्रश्न 17. क.** आपके बड़े भाई ने स्टेशनरी की एक दुकान खोली है। वे प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन देना चाहते हैं। उनके लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(1×4=4)**

**अथवा**

**ख**.आप **नवनीत/निवेदिता** हैं। आपके मित्र का जन्मदिन है। इस अवसर पर उनके लिए लगभग **40** शब्दों में शुभकामना एवं बधाई संदेश लिखिए ।

DOE, Delhi